## विद्यार्थियो को नशा नही करने के लिए किया प्ररित

**करौली**(नि.स.)। करौली जिले मे बढ़ते स्मैक के नशे और साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से करौली जिला पुलिस द्वारा अभियान का शुभारंभ हुआ है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने कैलादेवी रोड स्थित राजौर और करसाई गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जागरूकता शिविर में स्कूली छात्रों को स्मैक का नशा नहीं करने, अन्य को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करने कि शपथ दिलाई। इस दौरान ग्रामीण और छात्र-छात्राओं को साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय कि जानकारी दी। साथ ही आमजन को भी जागरूक करने का संदेश दिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम,कैलादेवी पुलिस उपाधीक्षक मीना मीणा, स्कूल प्रिंसिपल और ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने कहा कि स्मैक ऐसा नशा है जिसके शिकंजे में आकर कई लोगों का जीवन नरकीय बना हुआ है। स्मैक के नशे के आदि लोगों का परिवार और सामाजिक जीवन भी नष्ट हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्मैक के कारोबार पर लगाम कसने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बड़ी संख्या में स्मैक सप्लायर और विक्रेताओं को गिरफ्तार किया है।

# सर्व हिंदू समाज के लोगों ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन



करौली शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरती आक्रोश रैली मे शामिल लोग ।

**करौली**(नि.स.) । बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों को लेकर करौली जिला मुख्यालय पर हिंदू समाज के लोगों द्वारा रैली निकालकर जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री एवं महासचिव संयुक्त राष्ट्र के नाम ज्ञापन सौपा सर्व हिंदू समाज के तत्वाधान में बुधवार को कोतवाली थाने के सामने शिव पैलेस से आक्रोश रैली निकाली गई इस दौरान लोग हाथों में भगवा और तिरंगा झंडा लिए बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों को लेकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे रैली शहर के हिंडौन गेट, फूटाकोट चैराहा,सदर बाजार,अनाज मंडी,बड़ा बाजार,वजीरपुर गेट, कलेक्ट्रेट सर्किल होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंची जहां हिंदू समाज के कई प्रमुख लोगों और संत समुदाय ने रैली को संबोधित करते हुए अपना आक्रोश जताया इसके पश्चात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े चैरजी सिंह,देवी सिंह बदनपुरा, केसर सिंह नरूका,अ'ोक सिंह धाबाई, हिंदू सेवा के प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह गुर्जर, पुरुषोत्तम शर्मा, लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव, भाजपा नेता विद्या वैष्णव, धीरेंद्र बैसला एडवोकेट, आशुतोष तिवारी, गोविंद सिंह सेंगर, सनातनी जी महाराज,एडवोकेट उधौसिंह सहित अन्य लोगों ने जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि करौली के नागरिक अत्यंत दुखी और चिंता के साथ बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे गंभीर अत्याचारों कि ओर ज्ञापन के माध्यम से आकर्षित करना चाहते हैं हिंदू समुदाय पर किए जा रहे हैं इन हमलों से न केवल उनकी धार्मिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकार खतरे में है बल्कि यह एक गहरी मानवीय त्रासदी बन गई है उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक स्थलों पर हमले, हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ हो रही है भौतिक और मानसिक उत्पीड़न, हिंसा, धामकी,बलात्कार और संपत्तियों की जपती जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से इस मामले को प्राथमिकता से उठाने और बांग्लादेश सरकार के साथ कूटनीतिक चर्चा कर हिंदू समुदाय कि सुरक्षा सुनिश्चित करने, संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार आयोग और महासचिव इस विषय पर तत्काल हस्तक्षेप करें और बांग्लादेश पर अंतरराष्ट्रीय दबाव डालें, भारत में आने वाले हिंदू शरणार्थियों कि सुरक्षा और पुनर्वास प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं,बांग्लादेश में धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून का शक्ति से पालन करवाया जाए एवं इस्कॉन मंदिर के संत चिन्मय कृष्ण दास को शीघ्र रिहा किए जाने की मांग कि इस दौरान भारी संख्या में हिंदू समाज के लोग और युवा रैली में साथ चल रहे थे वही जिला पुलिस अधीक्षक के सुपरविजन में रैली मार्ग में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया और रैली के साथ भी भारी संख्या में पुलिस के जवान साथ चलते नजर आए।

- **बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों को लेकर करौली जिला मुख्यालय पर हिंदू समाज के लोगों द्वारा रैली निकालकर जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री एवं महासचिव संयुक्त राष्ट्र के नाम ज्ञापन सौपा**

## दस हजार का इनामी बदमाश हथियार सहित गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। पुलिस ने 10 हजार रुपए के इनामी बदमाश को रामसिंहपुरा मोड़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी को फायरिंग, मारपीट और अपहरण के मामले में तलाश कर रही थी। गंगापुर सिटी के पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीना ने बताया कि मुनीराज पुत्र कैलाश मीना ने पर्चा बयान बताया कि 20 अक्टूबर को महेन्द्र जोगी, संतोष जोगी, रविन्द्र जोगी, राजेन्द्र जोगी, राहुल गाजीपुर, विशाल, धीरज आदि आए और फायरिंग कर दी। गोली उसकी जांघ अंगुली में लगी। साथ ही लाठियों व सरियों से मारपीट की और जबरन उसे गाड़ी में डालकर ले आए। रास्ते में गाड़ी फंसने पर ये लोग उसे छोड़कर चले गए। मामले को लेकर थाना पीलोदा पर मामला दर्ज किया गया और जांच के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर लगातार दबिश दी, लेकिन आरोपी बार-बार अपना ठिकाना बदलते रहे। इस पर पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया। इसके बाद जिला विशेष टीम ने मुख्य आरोपी महेन्द्र कुमार जोगी पुत्र कलुआराम जोगी निवासी छोटी उदेई को रामसिंहपुरा मोड़ से गिरफ्तार किया तथा फायरिंग में प्रयुक्त हथियार को भी जब्त किया। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस टीम में गंगापुर सिटी पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीना, सहायक उप निरीक्षक हनुमान मीना, हैड कॉन्स्टेबल बबलूराम, नवदीप सिंह, विजय सिंह, घनश्याम सिंह, राजेन्द्र, गणेश राजेश टीम गंगापुर सिटी शामिल थे। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देश पर एएसपी राकेश राजौरा और पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीणा के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया हुआ है।

## स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**करौली**, (निसं)। करौली कोतवाली थाना पुलिस ने स्मैक के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके के कब्जे से 6.63 ग्राम स्मैक, स्मैक बिक्री के सात हजार रुपए सहित इलेक्ट्रोनिक कांटा भी जब्त किया है। पुलिस गिरफ्तार किए आरोपी धर्मसिंह से पूछताछ कर रही है। करौली कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस ने 6.63 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी स्मैक तस्कर धर्म सिंह पुत्र मिश्रीलाल निवासी चोर खिड़कियां करौली को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से स्मैक बिक्री के सात हजार रुपये और इलेक्ट्रोनिक कांटा भी जब्त किया है। थाना अधिकारी ने बताया कि गश्त के दौरान कोतवाली पुलिस की टीम मासलपुर गेट बाहर भोडेर रोड स्थित हबीब कॉलोनी पहुंची। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेरा देकर युवक को पकड़ा और नाम पता पूछा।

## सुब्रह्मण्यम भारती के जन्म दिवस पर मातृभाषा गौरव दिवस मनाया

**भरतपुर** (निस)। किसी भी देश की उन्नित का आधार उस देश की मातृभाषा होती है। विश्व के समस्त वैज्ञानिक एवं शिक्षा शास्त्री एकमत से स्वीकार करते हैं कि बालक की प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए।

अनेक वैज्ञानिकों ने भी अपना मत प्रस्तुत किया है कि इस ऊंचाई तक पहुंचने का श्रेय मेरी मातृभाषा की शिक्षा को जाता है, किंतु समाज में इस समय इस तरह का विमर्श तैयार किया गया है कि बालक को सफलता के लिए अंग्रेजी माध्यम से पढ़ना अत्यंत आवश्यक है। हम प्रबुद्ध जनों को इस विमर्श को तोड़ना होगा।

यह विचार शिव प्रसाद क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती राजस्थान ने व्यक्त किये। वे यहाँ महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा आयोजित महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित मातृभाषा गौरव दिवस पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बालक की बुद्धि एवं इंद्रियों का विकास मातृभाषा के द्वारा समुचित होता है।

हमें इस विषय में विचार पूर्वक चिंतन करते हुए समाज को प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर डॉ इला मिश्रा ने मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिशु का प्रथम परिचय मातृभाषा से होता है, स्वाभाविक है उसका मस्तिष्क मातृभाषा में सर्वाधिक सहज अनुभव करता है।

अतः राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी बालक की प्रारंभिक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होनी चाहिए। कार्यक्रम में आदर्श विद्या मंदिर समिति भरतपुर के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ योगेंद्र भानु, जिला सचिव संतोष कटारा, एवीआरएसएम के जिला उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ मुकेश यादव, इकाई सचिव प्रोफेसर डॉ राजेश सिंह, प्रोफेसर डॉ राजवीर सिंह शेखावत, प्रोफेसर डॉ आरके उपाध्याय, प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार गुप्ता, प्रोफेसर डॉ संतोष गुप्ता, प्रोफेसर डॉ रविंद्र शर्मा, प्रोफेसर डॉ धर्मेंद्र मीणा, डॉ सतीश कुमार, प्रोफेसर डॉ सुनीता पांडे, डॉ विष्णु कुमार गौड, डॉ मनोज कुमार सिनसिनवार आदि बहु संख्या में संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्या भारती के शोध परिषद् जिला संयोजक डॉ.अमित रैकवार ने किया।

## निर्माणाधीन ओवरब्रीज के पास बने गड्ढे में गिरने से अधैड़ की मौत

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। गंगापुर सिटी-करौली मार्ग पर करौली फाटक पर बनाए जा रहे ओवरब्रिज के पास गड्ढे में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना का पता चलने पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मृतक को जिला अस्पताल लेकर आई और शव को मॉर्च्युरी में रखवाया। दूसरे दिन मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। मृतक रमेश बावरिया (55) पुत्र गुलाब बावारिया निवासी उदेई खुर्द है। परिजनों ने बताया कि रमेश मंगलवार को अपनी बेटी के ससुराल में मिलने के लिए खिरखिड़ा बालोती आया था। शाम को वह खिरखिड़ा से अपने गांव उदेईखुर्द लौट रहा था। इसी दौरान गंगापुर सिटी शहर में प्रवेश करने के दौरान करौली फाटक पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास खोदे गए एक गड्ढे में अंधेरे के कारण दिखाई नहीं देने के चलते बाइक सहित गिर गया।

गड्ढे में लोहे के सरिया का स्ट्रक्चर बना हुआ था और रमेश इस स्ट्रक्चर पर जा गिरा, जिससे उसके पेट और छाती में सरिया धस गए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद में वहां से गुजर रहे लोगों को पता चला और घटना का पता चलने पर आसपास में काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक को जिला अस्पताल लेकर आई और शव को मॉच्यूरी में रखवाया। घटना का पता चलने पर परिजन भी रात को ही सरकारी हॉस्पिटल पहुंच गए। दूसरे दिन परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजा देने की मांग को लेकर पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। बाद में प्रशासन ने परिजनों की समझाइश कर शव का पोस्टमॉर्टम कराया।

## शिविर का आयोजन

**करौली**(नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि मिशन पालनहार मित्र अभियान के अन्तर्गत पालनहार योजना में शैक्षिणक सत्र 2024-25 हेतु जिले में वार्षिक नवीनीकरण से शेष बच रहे बालक- बालिकाओं तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों का शत प्रतिशत वार्षिक नवीनीकरण करवाया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जिले के समस्त पालनहारों तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों का शत प्रतिशत वार्षिक नवीनीकरण करवाये जाने हेतु 13 दिसम्बर को ब्लॉक मण्डरायल व श्रीमहावीरजी में प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक पंचायत समिति मण्डरायल, श्रीमहावीरजी में 'शिविर का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये है।

## भरतपुर के विकास के लिए सीएम को भेजा पत्र

**भरतपुर** (निस)। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखकर भरतपुर शहर के विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने पिछली समयावधि में हुए विकास कार्यों की जांच कराने व भविष्य के कार्यों में भ्रष्टाचार रोकने की आवश्यकता पर बल दिया। पत्र में उन्होंने प्रमुख मुद्दे उठाए और कुछ सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि खुला नाला निर्माण पर 345 करोड़ रुपये का खर्च सवालों के घेरे में है। यह काम 50 करोड़ रुपये में हो सकता था। नगर निगम पर भारी कर्ज के कारण कर्मचारियों के वेतन में देरी और जनता पर अतिरिक्त कर का बोझ डाला गया है। 3 करोड़ रुपये की लागत से बने फूड स्ट्रीट आज तक बंद पड़े हैं। निर्माण से पहले प्रतिष्ठित फर्मों से करार सुनिश्चित किया जा सकता था। सही लोकेशन का चयन नहीं करने से जनता और पर्यटकों को कोई लाभ नहीं हुआ। टीटागढ़ फैक्ट्री केवल 46 बीघा भूमि का उपयोग कर रही है, जबकि 450 बीघा पर कब्जा है। अतिरिक्त भूमि को एमएसएमई और अन्य रोजगार सृजन परियोजनाओं के लिए आवंटित किया जा सकता है। ठेके पर दी गई 19 करोड़ रुपये की सफाई व्यवस्था के बावजूद शहर की स्थिति निराशाजनक है।

## प्रदर्शनी में दिखेगी जिले के विकास की झलक

**भरतपुर** (निस)। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 12 से 15 दिसम्बर तक यूआईटी ऑडिटोरियम में विभिन्न कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किए जायेंगे। जिला प्रभारी मंत्री एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत 12 दिसम्बर को कार्यक्रमों का शुभारम्भ कर आयोजनों में शिरकत करेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रमों के सफल आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित का आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन ने बताया कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 12 दिसम्बर को कलैक्ट्रेट के सामने पुलिस लाईन से लक्ष्मण मन्दिर होते हुये वापिस कलैक्ट्रेट तक प्रातः 7 बजे से रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन किया जायेगा जिसमें सभी विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, नागरिक संगठन, आमजन, विद्यार्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इसी दिन प्रातः 10 बजे यूआईटी ऑडिटोरियम में एक वर्ष की उपलब्धियों व विकास कार्यों पर आधारित विकास प्रदर्शनी तथा जिला प्रशासन व सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया जायेगा। प्रदर्शनी स्थल पर पंच गौरव का शुभारम्भ कर संबंधित विभागों द्वारा पंच गौरव का प्रदर्शन एवं 12 दिसम्बर से पूर्व कराई जाने वाली प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि विकास प्रदर्शनी एवं जिला विकास पुस्तिका के माध्यम से जिले में किये गये विकास कार्यो, प्रगतिरत कार्यों एवं भविष्य में किये जाने वाले विकास की संकल्पना को प्रारूपों एवं तस्वीरों के माध्यम से दर्शाया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि 12 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे यूआईटी ऑडिटोरियम में युवा सम्मेलन व रोजगार उत्सव आयोजित कर लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर जयपुर स्थित समारोह का लाइव प्रसारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यूआईटी ऑडिटोरियम में 13 दिसम्बर को प्रातः 11 से किसान सम्मेलन तथा 14 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से महिला सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि यूआईटी ऑडिटोरियम में ही 15 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से रक्तदान शिविर तथा प्रातः 11 बजे से अन्तोदय सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 17 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से राज्य स्तरीय समारोह का जिलेभर में ग्राम पंचायत स्तर तक लाइव प्रसारण किया जायेगा जिसमें प्रत्येक पंचायत में नागरिकों के बैठने की व्यवस्था भी की जायेगी।

# मल्लखंभ एवं फिट राजस्थान प्रतियोगता का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। शहर में स्थित खेलो इंडिया मल्लखंभ एकेडमी में जिला प्रशासक भरतपुर जिला खेल अधिकारी भरतपुर के निर्देश पर जिला ओलम्पिक संघ भरतपुर एवं खेलो इण्डिया मल्लखंभ एकेडमी के सौजन्य से मल्लखंभ प्रतियोगिता तथा फिट राजस्थान हिट भरतपुर का आयोजन किया गया। जिसके समारोह की मुख्य अतिथि पिंकी ठाकुर राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडी एवं महिला उपाध्यक्ष ने हनुमान जी की मूर्ति पर माल्यार्पण तथा पूजा अर्चना की।

वहीं इंजीनियर रोहित ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। राजस्थान सरकार के सफलतापूर्वक एक वर्ष स्वर्णिम उपलब्धि तथा देश विदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा लोहागढ़ का नाम अद्वितीय मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राइजीनिंग राजस्थान में भूरि-भूरि प्रशंसा करने के उपलक्ष्य में मल्लखंभ प्रतियोगिता रंगोली तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कार्यकाल कैसा रहा, विषय पर निबंध प्रतियोगिता की गई, जिसमें मुदित राठी मानव भारती प्रथम, देव नेशनल एकेडमी तथा भरत जघीना प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पदक विजेता खिलाडी पिंकी ठाकुर ने भारतीय टीम में वर्ल्ड चैम्पियनशिप यूएसए के लिए भरतपुर के चयनित मल्लखंभ खिलाडी हेमन्त तथा मनीषा शर्मा को स्मृति चिन्ह, पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।

वहीं वरिष्ठ खिलाडी भरतपुर कुमार, सौरभ सैन, अजय मौर्य, करन, गजेन्द्र, गौरव, देव, दिगम्बर, अरूण, लकी, कौशलेन्द्र, सुश्संत, खुशराज, हर्षराज, निहाल, मुदित, निक्की, विनीत, गौरव, कुमकुम, कुन्ती, पूजा, शिवानी, सपना, माधवी, कविता के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने पर सम्मानित किया गया। बालक वर्ग में रोहित सिंह व बालिका वर्ग में माधवी को श्रेष्ठ खिलाडी 2024 के पुरूस्कार से नवाजा गया। अन्त में सभी खिलाड़ियों को शुभ आशीष देकर कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ियों को मिठाई वितरित की गई।



शहर में स्थित खेलो इंडिया मल्लखंभ एकेडमी में जिला ओलम्पिक संघ भरतपुर एवं खेलो इण्डिया मल्लखंभ एकेडमी के सौजन्य से मल्लखंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## सार-समाचार

### नव वर्ष से हैलमेट नहीं लगाया तो होगी सख्त कार्यवाही

**करौली** (नि.स.)। करौली जिला पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के पोस्टर का विमोचन करते हुए कहा कि 1 जनवरी से दोपहिया वाहन चालको द्वारा हैलमेट नहीं लगाने पर सख्ती से कार्यवाही कि जाएगी वही जिस थाना क्षेत्र में बिना हैलमेट लगाए कोई मोटरसाइकिल चलाता मिला तो संबंधित थाना अधिकारी के विरुद्ध भी कार्यवाही होगी। करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम ने बुधवार को एसपी कार्यालय में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के पोस्टर का विमोचन करते हुए कहा कि 15 से 31 दिसंबर तक लोगों को हैलमेट लगाने के प्रति जागरूक किया जाएगा स्कूल,कॉलेज,कोचिंग सेंटर और सार्वजनिक स्थानों पर विद्यार्थी और आमजन को हैलमेट नहीं लगाने के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए हैलमेट लगाने के लिए समझाई'ा और जागरूक करेंगे उन्होंने बताया कि 1 जनवरी नव वर्ष 2025 से करौली शहर कि सड़कों पर बिना हैलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वाले लोगों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करते हुए चालान काटे जाएंगे उन्होंने यहां तक कहा कि हमें कही भी बिना हैलमेट लगाए मोटरसाइकिल चलाता कोई व्यक्ति मिला तो उस क्षेत्र के संबंधित थाना और चैकी के प्रभारी के विरुद्ध भी कार्यवाही कि जाएगी उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 163 व्यक्तियों कि मृत्यु हुई है जिन में से 92 प्रति'ात व्यक्तियों की मृत्यु बिना हैलमेट के कारण सिर में चोट लगने से हुई है।

### चैपाल का आयोजन

**करौली**(नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि किसानों की मांग के अनुसार रबी की फसल को देखते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्र में समय पर विद्युत आपूर्ति करवाना सुनिश्चित करे, विद्युत समस्याओं का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये जिससे की किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नही करना पडे। जिला कलेक्टर ने मंगलवार को ग्राम पंचायत भावली में आयोजित रात्रि चैपाल में आमजन की समस्याओं पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने रात्रि चैपाल में ग्रामीणों के द्वारा पेयजल की समस्या का निस्तारण करने, टूटी हुई सडको को दुरूस्त करने, जल जीवन के तहत बिछाई गई लाइन को ठीक करने, पशुओं के लिए दवाईओं की उपलब्धता रखने, विद्युत बिलो को कम करने, ठीले तारो को टाईट करने, सडक निर्माण करवाने, अतिक्रमण हटवाने, आवारा पशुओं को पकडवाने एवं स्कूल में गणित का अध्यापक लगवाने, सहित ग्रामीणों एवं परिवादियों के द्वारा विभिन्न विभागों के प्रकरण प्राप्त हुए। इस पर जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, उपखण्ड अधिकारी करौली महेन्द्र गुर्जर, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक बीडी शर्मा, पशुपालन के संयुक्त निदेशक डॉ गंगासहाय मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा, उद्यान विभाग के उपनिदेशक रामलाल जाट, सहित ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### स्टीकर का किया विमोचन

**करौली** (नि.स.) । हिंदुस्तान स्काउट गाइड राजस्थान राज्य उदयपुर के निर्देशानुसार हिंदुस्तान स्काउट गाइड संगठन के 26 वे स्थापना दिवस पर जिला कलेक्टर एवं पदेन जिला संरक्षक नीलाभ सक्सेना द्वारा हिंदुस्तान स्काउट गाइड के स्टीकर फ्लैग का विमोचन किया गया । जिला प्रभारी स्काउट सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि संगठन के स्थापना दिवस के उपलक्ष में जिला कलेक्टर ने 10 रुपये कि राशि का स्टीकर विमोचन करके जिले के हिंदुस्तान स्काउट गाइड से पंजीकृत एवं आवंटित विद्यालयों से राशि संग्रहित करने के निर्देश प्रदान किया है। इस राशि का उपयोग राष्ट्रीय आपदा जैसे बाढ़, भूकंप, आगजनी आदि आपातकालीन स्थितियों के लिए किया जाएगा। अतः इस कार्यक्रम में सभी संस्था प्रधान अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें, जिससे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर एक आपदा कोष तैयार किया जा सके।

### चुनाव में होगी आमने-सामने की टक्कर

**करौली** (नि.स.) । करौली जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले अभिभाषक संघ के चुनाव में दो अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने के बाद अब दो प्रत्याशियों में आमने-सामने की टक्कर होगी। जिला बार एसोसिएशन करौली के मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट नगेंद्र व्यास ने बताया कि जिला अभिभाषक संघ करौली के वर्ष 2024-25 के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु चार आवेदन फार्म प्राप्त हुए जिनकी सोमवार को जांच कि गई बाद में जांच के दौरान सभी आवेदन फार्म वैध पाए गए उन्होंने बताया कि नाम वापसी के समय अवधि दोपहर 3:00 बजे तक दो प्रत्याशियों एडवोकेट उमेश पाल एवं रामसहाय मीणा ने अपने नाम स्वेच्छा से वापस ले लिए अब दो प्रत्याशी एडवोकेट जयेंद्र सिंह एवं अजय सिंह धाबाई चुनाव मैदान में है जिनके बीच आमने-सामने कि टक्कर होगी उन्होंने बताया कि मतदान 13 दिसंबर को दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक न्यायालय परिसर करौली में होगा इसके तुरंत पश्चात निर्धारित कार्यक्रम अनुसार इसी दिवस मतगणना,चुनाव परिणाम कि घोषणा एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपादित किए जाएंगे।

### अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही

**गंगापुर सिटी** । बुधवार को उप जिला कलेक्टर बृजेन्द्र मीना के निर्देशों की पालना में एवं शहर के मुख्य मार्गो में हो रहे अस्थाई अतिक्रमण की शिकायतों को मद्देनजर रखते हुये निकाय क्षेत्र में अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान एसडीएम कार्यालय के सामने से होते हुये सब्जी मण्डी क्षेत्र, व्यापार मण्डल, उदेई मोड, सालोदा मोड, देवी स्टोर, नया बाजार, घास मण्डी से ट्रक यूनियन तक चलाया गया। अभियान के दौरान कार्यवाही करते हुये पिन्टूराम मीना व मुकेश कुमार सैनी स्वास्थ्य निरीक्षक ने दुकानदारो, व्यापारियो, ठेला लगाने वालो से अपील की गई की आप द्वारा रास्ते में अपना बोर्ड, बेंच, तिरपाल, सामन नहीं रखने की समझाईश की गई। दुकानदारो द्वारा दुकान से बाहर सामान व अन्य प्रकार के बोर्ड बेंच आदि सामान रखने से मुख्य मार्ग सकडा होता है, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है और टेऊफिक जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। अभियान के दौरान सफाई इंचार्ज विकास, सफाई इंचार्ज विष्णु धामोनिया, नवीन गुप्ता, जीतू गुर्जर, मानसिंह मीना व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### द्वितीय किश्त 13 को

**करौली** (नि.स.)। तहसीलदार करौली महेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया है कि राज्य सरकार द्वारा किसान उत्थान की दिशा में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत राज्य के पात्र किसानों को प्रति वर्ष 2000 रूपये तीन किश्तों में दिये जाने की बजट घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना की द्वितीय किश्त 13 दिसम्बर को राज्य स्तरीय समारोह में जारी किया जाना प्रस्तावित है। राज्य स्तरीय समारोह के साथ साथ सभी जिला मुख्यालयों एवं ब्लॉक व पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सभी किसानों के बैंक खाते में द्वितीय किश्त के रूप में 500 रूपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये है।

### मृतक के आश्रित को सहायता राशि स्वीकृत

करौली (नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि प्रियांशु उर्फ वंश पुत्र नरेश चंद योगी निवासी ग्राम गोपालपुर सांय ग्राम पंचायत गुनेसरा कि गत 2 सितम्बर को नदी पार करते समय डूबने से मृत्यु हो जाने पर तहसीलदार करौली कि रिपोर्ट से प्रकरण प्राप्त होने पर मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि 1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता मृतक के पिता नरेश चंद योगी पुत्र मुन्ना लाल निवासी ग्राम गोपालपुर सांय ग्राम पंचायत गुनेसरा को भुगतान की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

### कम्प्युटर टंकन परीक्षा 18 को

**करौली** (नि.स.)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया है कि जिले में पदस्थापित अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कार्मिकों, जिनकी नियुक्ति हुए 3 वर्ष से अधिक नही हुए है की नियमित कम्प्युटर टंकन परीक्षा 18 दिसम्बर को प्रातः 10:00 बजे से राजकीय महाविद्यालय करौली में सॉफ्टवेयर के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

